मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 42, मुंबई, बुधवार, 3 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
काजू कतली
काजू रोल
बदाम बर्फी
मलाई पेड़े
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# मुंबई में टूटा INDI गठबंधन!



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) के महाविकास अघाडी गठबंधन में कई लोकसभा सीटों को लेकर रस्साकशी चल रही है। जिसमें मुंबई की भी दो सीटें शामिल है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मुंबई की छह में से पांच लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब सिर्फ 17 दिन बचे हैं, लेकिन जोरदार प्रचार और शक्ति प्रदर्शन तो छोड़िए, अभी तक विपक्षी गठबंधन ने 12 सीटों पर उम्मीदवार भी तय नहीं किया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## कांग्रेस नेता का दावा- उद्धव की शिवसेना में अब वो दम नहीं, सारी सीटें हारेगी

### सीट शेयरिंग पर उठाये सवाल

वर्तमान समय में प्रत्येक पार्टी के वोट बैंक को देखते हुए कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। क्योंकि शिवसेना और एनसीपी दो धड़ों में बंट गई हैं। लेकिन सीट शेयरिंग के दौरान किसी ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। मुंबई की बात करें तो एक भी कांग्रेस नेता ने ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जोर नहीं डाला। जब पहली बार लोकसभा सीट आवंटन पर चर्चा हुई थी, तो कांग्रेस ने मुंबई में छह में से तीन सीटें मांगी थीं। इसमें दक्षिण मध्य, उत्तर मध्य और उत्तर पश्चिम मुंबई निर्वाचन क्षेत्र शामिल थे।

## रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा तेईसवां (32) 03 अप्रैल 2024 बुधवार

खत्मे शहेरी : 5:07 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:55 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (21 से 30 रोजा) तीसरा असरा जहन्नम से नजात पाने का होता है।

## संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट से जमानत

### पत्नी ने भरा बॉन्ड, कोर्ट ने तय कीं जमानत की शर्तें



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आबकारी नीति केस में सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। शीर्ष कोर्ट से जमानत के कागज ट्रायल कोर्ट (राउज एवेन्यू कोर्ट) पहुंच गए है। आप नेता सजय सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई की प्रकिया शुरू हो गई है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में आग ने बरपाया कहर!

## रमजान के महीने में शेख परिवार खत्म

### 2 बच्चों समेत 7 की मौत



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) के छावनी क्षेत्र में तड़के बड़ा हादसा हो गया। दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। यह आग असलम टेलर नाम के एक दुकान में लगी है। आग बुधवार तड़के 3 से 4 के बीच में लगी है। ऐसा बताया जा रहा है कि एक बैटरी वाले रिक्शा को चार्जिंग में लगाया गया था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### दूसरी मंजिल तक नहीं पहुंच सकी आग

आग दूसरी मंजिल तक नहीं पहुंच सकी उसके पहले ही बुझा लिया गया। औरंगाबाद के पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने कहा कि प्रारंभिक जांच के बाद पता चला कि 2 लोगों की आग से झुलसने और बाकी 5 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। साथ ही उन्होंने कहा कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुणे के सरकारी अस्पताल में घोर लापरवाही

## आईसीयू में मरीज को चूहे ने काटा, मौत, भड़के परिजन




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पुणे से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हमेशा किसी न किसी वजह से विवादों में रहने वाला पुणे का ससून अस्पताल एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सरकारी अस्पताल ससून के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती एक युवक की कथित तौर पर चूहे के काटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा है। आरोप है कि चूहे के काटने से मरीज सागर रेनूसे (उम्र 30) की मौत हुई है। इस घटना से ससून अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि सागर की मौत चूहे के काटने से हुई है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मुफ़्ती सलमान अजहरी साहेब का बड़ौदा जेल से मुसलमानों के नाम पैगाम



(1) तमाम अहबाब को फकीर-ए-कादरी सलमान अजहरी की तरफ से रमजान अल मुबारक की बरकते रहमते खूब खूब मुबारक हो उम्मीद के आप सब खैर ओ अफि यत से होगे में अल्लाह के फजलो करम और उसके हबीब(सल्लाहो अलयही वस्लम) की इनायत से ठीक हूँ जैल में जरूर हूँ लेकिन रब की रहमत साथ है.... रोजे,तरावहि,ति लावत,तफसीर सब अपने मामूल पर है।

(2) जरूरी पैगाम ये है कि में गुजरात की चार जैलो में अबतक जा चुका हु और अंदर केद में अक्सर नौजवान मुसलमान नशे कि मामलात में ही अंदर है कुछ को दस साल की तो कुछ को बीस साल की सजा पड़ी हुई हे देखकर दिल बहोत दुखता है में सब नौजवानों से गुजारिस करता हू की अपनी ज़िंदगी को अपने हाथो बर्बाद ना करे एक ही ज़िंदगी मिली हुई है और इस तरह बर्बाद करने के लिए नहीं है

**ज़िंदगी ये नहीं किसी कि किसी के लिये**
**ज़िंदगी हे नबी की नबी के लिए।**

(3)और जुमला नौजवान और उलमा ए अहले सुन्नत से गुजारिस करता हूँ कि मेरी गिरफ़्तारी को देख कर कोई ना घबराये और ना ही मायूस हो हक बोलते रहे और हक पर कायम रहे इस्लाम और बनी ए इस्लाम रसूल ए पाक(सल्लाहो अलयही वस्लम) की इज्जत और हकानियत से हमे बेपनाह मोहब्बत हे लेकिन वफादारी सबूत करने के लिए किसी की चापलूसी करने कि जरूरत नहीं वक़्त आ पढ़े तो इस मुल्क के लिये हमारी जान भी हाज़िर हे।

(4)उन तमाम मशायख उलमा और पिराने ईजाम और मस्जिद के अयीमा,जुमला मुस्लिमिन का में शुक्रगुजार हूँ जिन्होंने मेरे लिये बहोत दुआ ये की है अल्लाह तआला सब की कबूल फरमाए और सब को अपनी शान से मुताबिक अज्र अता फरमाए जब तक अल्लाह कि बारगाह में मेरे लिये कैद लिखी हुई हे सारी दुनिया मूजे मिलकर बाहर नहीं निकाल सकती और जिस दिन बाहर निकलना लिखा हो कोई दीवार और दरवाजा मूजे रोक ना सकेगा इंशाअल्लाह सब से खुशूशी दुआ हे की गुजारिस की अल्लाह तआला मूजे सब्र-ओ-इस्तेकामत अता फरमाए।

**-सलमान अजहरी**

# इस्लामिया जामे मस्जिद भौआड़ा में आज तरावीह में क्या पढ़ा, पारा नंबर बाइस

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** ईमान वालियों! दुनिया की ज़िंदगी और उसकी रौनको से धोखा न खाओ। अल्लाह और उसके रसूल की मुहब्बत और आखिरत की चाह से अपने दिल को आबाद रखो। अच्छी सीरत (किरदार) वालियों के लिए अल्लाह के बेहतरीन अज्र है। जो औरत बेहयाई के काम करेगी, अल्लाह उसे सख़्त सजा देगा और जो अल्लाह और उसके रसूल की फरमाँबरदार होगी और अच्छी सीरत वाली होगी उसके लिए दोगुना अज्र है ईमान वालियो! अल्लाह की नाराजगी से बचो। किसी अजनबी मर्द से बात करो तो ऐसे लहजे में बात मत करो कि रोगी दिल में कुछ गुदगुदी पैदा हो जाए। जब कहना हो भली बात कहो। अपने घरों में रहो, जाहिलियत के तरीके पर हुस्न की नुमाइश के लिए बाहर न निकलो। नमाजों का एहतिमाम करो और जकात अदा करो। अल्लाह और उसके रसूल की इताअत करो। बुराइयों की गंदगी से दूर रहो और पाकीजा मिजाज बनाने की फि क्र करो। ऐसा माहौल बनाओ कि तुम्हारे घरों में अल्लाह की आयतों और हिकमत की बातों की चर्चा हो। मर्द और औरतें सब के सब अपने रब के फरमाँबरदार बनें, ईमान पर कायम रहें, अल्लाह की इताअत करें, सच्चाई को अपना तरीका बनाएँ, मुसीबतों और आजमाइशों में अपने दीन पर रहें, अल्लाह के सामने उनके दिल झुके रहें, अल्लाह की खुशी के लिए खर्च करें, रोजे रखें, अपनी शर्मगाहों (गुप्तांगों) की हिफाजत करें और ज्यादा से ज्यादा अल्लाह का ज़िक्र करें अल्लाह और उसके रसूल का फैसला सामने आ जाए तो फिर किसी मोमिन मर्द या किसी मोमिन औरत के लिए गुंजाइश नहीं कि वह अपनी मनमानी करे। याद रखो अल्लाह और उसके रसूल की नाफरमानी करना खुली गुमराही है। अल्लाह को बहुत ज्यादा याद करो, सुबह- शाम उसकी तसबीह (महिमागान) करो, उसका यह एहसान याद रखो कि उसने तुम पर रहमतों की बारिश की और अंधेरों से निकाल कर उजाले में पहुंचा दिया। तुम्हारे पास अल्लाह ने एक नबी भेजा, तुम्हें हक (सत्य) से वाकिफ कराने वाला, बंदगी के अच्छे अंजाम की खुशखबरी देने वाला और



सरकशी के बुरे अंजाम से डराने वाला, अल्लाह की तरफ बुलाने वाला और रौशन चिराग बन कर रौशनी दिखाने वाला। उस नबी के जाँनिसार बनो, खुशखबरियाँ तुम्हारा इंतजार कर रही हैं अल्लाह के नाफरमानों और मुनाफि कों की बातें न सुनो। वे तकलीफ पहुंचाएं। तो उन्हें नजरअंदाज करो। और अल्लाह पर भरोसा रखो, यही सच्चे ईमान वालों का तरीका रहा है अपनी बीवियों के साथ इस तरह रहो कि उनकी आँखें ठंडी रहें, तुम्हारी बेतवज्जुही की वजह से कोई एक भी गमगीन न हो, उन सब को खुशियाँ हासिल हों। किसी को भी महरूमी या हकतलफी का एहसास न हो दूसरों के घर जाने के आदाब का खयाल रखो। घरों में दाखिल होने से पहले इजाजत मांगो, इजाजत मिलने पर ही अंदर दाखिल हो। खाने के लिए बुलाया जाए तो खाने के वक़्त पर आओ और खाना खाते ही रुखसत हो जाओ, इतनी देर तक बैठ कर बातें न करो कि मेजबान उकता जाए। जनानखाने से कुछ माँगना हो तो पर्दे की ओट से माँगो। इसमें तुम्हारे दिल की पाकीजगी है और घरवालियों के भी दिल की पाकीजगी है। कोई ऐसा रवैया न इख्तियार करो जिससे घर वालों या घर की औरतों को तकलीफ हो। इन सब बातों में बेहद मोहतात (सावधान) रहो अल्लाह और उसके फरिश्ते नबी पर रहमत भेजते हैं, तुम भी उन पर सलाम और रहमत भेजो। जो लोग अल्लाह और उसके रसूल को तकलीफ पहुंचाते हैं और जो लोग मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों को नाहक सताते हैं, उन सब पर अल्लाह की लानत बरसती है ईमान वालियों ! अपने घर से बाहर निकलो तो अपने ऊपर अपनी चादर के घूँघट लटका लिया करो। इस तरह शरपसंदों की शरपसंदी से महफूज रहोगी।

ईमान वालो! अल्लाह की नाराजगी से बच्चों। नपी-तुली अच्छी बात कहो और पूरी ज़िंदगी अल्लाह और उसके रसूल की इताअत में गुजारो।

**34. सबा**

35. दाऊद और सुलैमान को अल्लाह ने जबरदस्त कुव्वतों से नवाजा था। उन्हें हिदायत थी कि अच्छे काम करो और अल्लाह का शुक्र अदा करो। के ज़िंदगी भर अल्लाह से लौ लगाए रहे और अल्लाह के शुक्रगुजार रहे। सबा वालों को भी अल्लाह ने खूब नवाजा था और कहा था कि अल्लाह का दिया हुआ खूब खाओ पियो और अल्लाह का शुक्र अदा करते रहो। मगर उन्होंने जुल्म और नाशुक्री का रास्ता इख्तियार किया। अल्लाह ने उन से सारी नेमतें छीन लीं और उन्हें एक गुजरी हुई कहानी बनाकर रख दिया। तुम इन मिसालों से सबक लो और सब्र करने वाले और शुक्र करने वाल बनो तुम्हारे पास हिदायत की किताब आ गई है। उसकी पैरवी करो, उसको छोड़कर अपने बाप-दादा के तरीके पर मत चलो। आज तुम्हारे लीडर दिन-रात एक करके तुम्हें बहकाने में लगे हैं और तुम आँखें बंद करके उनके पीछे भाग रहे हो। कल कयामत के दिन ये मुकर जाएंगे और तुमसे कहेंगे कि हमने तुम्हें सीधे रास्ते से नहीं रोका, तुमने तो खुद अपराधियों वाला रास्ता चुना।

दुनिया का ऐशोआराम तुम्हें आखिरत से गाफि ल ना कर दे। याद रखो कोई अपने माल और औलाद से अल्लाह से करीब नहीं होता है। अल्लाह के करीब वह होता है जो ईमान लाए और अच्छे काम करे।

**35. फातिर**

लोगों। अल्लाह की हम्द बयान करो, अल्लाह के एहसानात को याद करो, अल्लाह के रसूल को झुठलाओं नहीं, अल्लाह का वादा पूरा होकर रहेगा। कहीं ऐसा न हो कि दुनिया की ज़िन्दगी और दुनिया के धोखेबाज तुम्हें धोखे में डाल दें। देखो शैतान तुम्हारा दुश्मन है तुम उसे दुश्मन ही समझो।

जो कुफ्र के रास्ते पर चलेगा वह सख़्त अजाब से दो-चार होगा। और जो ईमान लाएगा और अच्छे काम करेगा उसके लिए बड़े ईनाम हैं। बदनसीब है वह जो ज़िंदगी भर बुरे कामों को अच्छा समझकर करता रहा

अगर तुम्हें इज्जत चाहिए तो याद रखो इज्जत अल्लाह के पास से मिलती है। अल्लाह से इज्जत चाहते हो तो अल्लाह के पास पाकीजा बातें और अच्छे अमल भेजो।

अल्लाह को न देखते हुए अल्लाह से डरो, नमाजों का एहतिमाम करो, पाकीजा सिफत बनो, किसी के उकसाने पर गुनाहों का बोझ न उठाओ। याद रखो कयामत के दिन कोई किसी का बोझ नहीं उठाएगा

जिहालत के अंधेरे में न रहो, इल्म वाले बनो, इल्म से दिल में अल्लाह का डर पैदा होता है। अल्लाह की किताब की तिलावत करो, नमाज कायम करो, खुले और छुपे अल्लाह का दिया अल्लाह की राह में खर्च करो। यह ऐसी तिजारत है जिसमें कभी घाटा नहीं है अल्लाह की किताब मिलने के बाद कुछ लोग इसे बिलकुल नजरअंदाज कर देते हैं और इस तरह खुद अपने ऊपर जुल्म करते हैं। कुछ लोग नेकी की राह इख्तियार करते हैं और कुछ लोग भलाई की दौड़ में आगे रहते हैं। सबका अंजाम एक जैसा नहीं होगा। अब तुम अपने बारे में फैसला कर लो।

36. या० सीन०अल्लाह ने तुम्हारे पास कुरआन भेजा है। यह हिकमत का खजाना है। जो लोग नसीहतों पर ध्यान देते हैं और अल्लाह को न देखते हुए अल्लाह से डरते हैं वे इससे फायदा उठाते हैं। उनके लिए बेहतरीन अंजाम है।अल्लाह के रसूलों का तरीका यह है कि झुठलाने वाले झुठलाते रहें, धमकियाँ देने वाले धमकियाँ देते रहें और तोहमतें लगाने वाले तोहमत लगाते रहें, वे अपने मकाम पर जमे रहते हैं और पूरी ज़िम्मेदारी और लगन के साथ अल्लाह का पैगाम पहुंचाते रहते हैं। वे किसी से अपनी मेहनत और दावत का बदला नहीं मांगते। उनका पैगाम और उनका किरदार दोनों गवाही देते हैं कि वे सीधे और सही रास्ते पर हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# भिवंडी में डंडे, तलवार और चाकू...दो गुट भिड़े, एक की मौत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**भिवंडी।** मुंबई से सटे ठाणे जिले के भिवंडी शहर में दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से तलवार, लाठी-डंडे निकालकर एक दूसरे पर हमला किया गया। झगड़े में एक शख्स की मौत हो गई। वहीं, 6 लोग घायल हुए हैं। दोनों गुटों में पुरानी रंजिश चली आ रही थी। किसी बात को लेकर दोनों आमने-सामने आ गए। काफी देर तक मारपीट होती रही। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम में लिए भेजा है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों गुटों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में डंडे से प्रहार कर शख्स की हत्या करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में भारी भीड़ जमा है। चीख-पुकार मच रही है। लोग हमलावर होकर एक-दूसरे से मारपीट कर रहे हैं। घटना की जानकारी पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस तैनात की गई है। घटना मंगलवार शाम की है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने बताया कि भिवंडी, शांति नगर केजीएन चौक के नजदीक दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनो में जमकर हाथा पाई हुई उसके बाद लाठी डंडे और फिर तलवार और चाकू से भी एक दूसरे पर हमला किया गया। इसमें एक शख्स की मौके पर मौत हो गई। झगड़े की इस वारदात में 6 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों गुटों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। पुलिस के अनुसार, दोनों गुट एक ही मौहल्ले में रहते हैं और आपस में पड़ोसी हैं। बीते साल दोनों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हो गया था। उसके बाद लड़की के साथ छेड़खानी को लेकर दोनों गुट में रंजिश बंध गई। पहले में भी दोनों गुटों में झगड़ा हुआ था। दोनों पड़ोसी आपस में पुरानी रंजिश पाले हुए थे। मंगलवार को इसी रंजिश के चलते किसी बात पर दोनों गुट आमने-सामने आ गए और विवाद हो गया।



# ऐमिल आयुथ्वेदा ने की जेनेलिया देशमुख के साथ एक्सपर्ट की सुनो एक्स्पेरिमेंट मत करो कैंपेन की शुरूआत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्राचीन आयुर्वेदिक विज्ञान को आधुनिक ज्ञान के साथ मिलाकर, त्वचा की बेहतर देखभाल के लिए अयुथवेदा जो कि 40 वर्षों का अनुभव रखनेवाले एमिल ग्रुप का हिस्सा है लाया है एक्सपर्ट की सुनो एक्सपेरिमेंट मत करो कैंपेन। इस कैंपेन का उद्देश्य त्वचा की समस्याओं से जूझ रहे लाखों लोगों की मदद करना है और उनसे उम्मीद करना है कि वो इस के लिए विशेषज्ञों की सलाह को सुनें। अयुथवेदा के बेहद लाभकारी गुणों के साथ साथ, आप विशेषज्ञों की सलाह मान सकते हैं और त्वचा की देखभाल से जुड़े तरीकों को अपना सकते हैं। प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख, एमिल अयुथवेदा फेस केयर रेंज की ब्रांड एंबेसडर और एमिल अयुथवेदा के संस्थापक और विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. संचित शर्मा के द्वारा संचालित, इस कैंपेन का उद्देश्य, त्वचा की देखभाल से जुड़े ऐसे उपाय बताना है जो वाकई में त्वचा को बेहतर रखने में मदद करें। यह कैंपेन अयुथवेदा के लिए एक ऐसा प्रतीक है जिसमें यह युवाओं को श्रेष्ठ आयुर्वेदिक उत्पाद देने के अपने वादे को पूरा करता है। इस उद्देश्य से काम करते हुए, आयुर्वेद पर आधारित त्वचा के लिए सुरक्षित उत्पाद देने के एमिल अयुथवेदा के मिशन पर, डॉ. संचित ने कहा, हम चाहते हैं कि युवापीढ़ी एमिल अयुथवेदा के साथ आयुर्वेद की महानता को समझे, जिसमें प्रकृति की शुद्धता को एक नया रूप देकर, त्वचा को युवा बनाये रखने में सहायता मिल सके। हम 40 वर्षों के भरोसे और कुशलता के आधार पर, त्वचा की देखभाल के लिए आयुर्वेद से त्वचा को बेहतर बनाने वाले वैज्ञानिक उत्पाद लाये हैं। हमारा हर उत्पाद त्वचा के लिए सुरक्षित और असरदार देखभाल प्रदान करता है, जो हमारी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। हमारा मानना है कि त्वचा की देखभाल का मतलब सिर्फ बाहरी सुंदरता से ही नहीं है; यह आपकी त्वचा को पूरी तरह से बेहतर बनाने के बारे में भी है। एमिल अयुथवेदा के साथ, हमारा उद्देश्य त्वचा की देखभाल के लिए ऐसे उत्पाद बनाना है जो आपकी त्वचा के स्वास्थ्य के साथ-साथ आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा दे सकें। एमिल अयुथवेदा के पास अलग-अलग प्रकार की त्वचा के लिए फेस केयर उत्पादों की एक श्रृंखला है, जिसमें त्वचा को युवा बनाने वाली क्रीम से लेकर तरोताजा करनेवाले फेसवाश और स्क्रब, फ्रेशनिंग मिस्ट एवं टोनर, फेशियल किट एवं अन्य भी उत्पाद शामिल हैं। एमिल अयुथवेदा के प्रमुख उत्पादों में से एक है स्पार्कलिंग गोल्ड फेसवॉश, जिसे 24 कैरेट स्वर्ण कणों से तैयार किया गया है। विभिन्न यूरोपीय शोधकर्ताओं ने अपनी रिसर्च में पाया कि 24 कैरेट स्वर्ण कण अथवा 'स्वर्णभस्म' का इस्तेमाल करने से त्वचा को युवा और चमकदार बनाए रखा जा सकता है। एमिल अयुथवेदा की स्पार्कलिंग गोल्ड फेस केयर रेंज के उत्कृष्ट लाभों को समझते हुए जेनेलिया देशमुख ने भी इसका समर्थन किया। जेनेलिया देशमुख ने चमकदार त्वचा पाने के इस सफर में शामिल होने के साथ-साथ सभी को आमंत्रित करते हुए कहा, एमिल अयुथवेदा की स्पार्कलिंग गोल्ड फेसकेयर रेंज त्वचा की देखभाल से कहीं अधिक है; यह त्वचा की सुंदरता को लम्बे समय तक बनाये रखने में भी लाभकारी है। एमिल अयुथवेदा के स्पार्कलिंग गोल्ड फेस केयर उत्पादों के अतुलनीय प्रभावों को महसूस करें क्योंकि सुंदरता न केवल त्वचा को चमकदार बनाये रखने में है बल्कि युवा एवं स्वस्थ बने रहने में भी है। मेरा मानना है कि हर महिला अंदर से चमकने के साथ- साथ एमिल अयुथवेदा स्पार्कलिंग गोल्ड फेसकेयर रेंज के साथ बाहरी सुन्दर त्वचा पाने के लिए भी हकदार है।






★ **भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय में उत्तर प्रदेश के पुर्व उप मुख्यमंत्री, सांसद (राज्यसभा) चुनाव प्रभारी-लोकसभा -महाराष्ट्र प्रदेश दिनेश शर्मा से मुलाकात करते महाराष्ट्र भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा- उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता।**

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई में टूटा इंडी गठबंधन!

इससे राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस बीच कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने बड़ा दावा किया है। निरुपम ने कहा कि मुंबई में उद्धव ठाकरे के सभी पांच उम्मीदवार हार जाएंगे, क्योंकि उनकी ताकत अब पहले जैसी नहीं रही है। संजय निरुपम ने मुंबई में कांग्रेस और उद्धव गुट के बीच लोकसभा सीटों का बंटवारा बराबर न होने पर नाराजगी जताई है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मैं अभी यह भविष्यवाणी कर रहा हूं... मुंबई में किसी भी सीट पर उद्धव की शिवसेना नहीं जीतेगी। यह मेरा चैलेंज है। 2022 से पहले वाली शिवसेना अब नहीं रह गई है... फूट पड़ने से दमखम घटा है। लेकिन इस बारे में बिना सोचे-समझे ठाकरे गुट ने मुंबई की पांच लोकसभा सीटें मांग लीं। लेकिन उन सभी सीटों पर उनकी हार होगी। संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत पर भी निशाना साधा है। निरुपम ने कहा, संजय राउत ने पहले अपनी शिवसेना पार्टी को खत्म किया, फिर एनसीपी को खत्म किया और अब वह कांग्रेस पार्टी को खत्म करने में लगे हैं।

### महाराष्ट्र में आग ने बरपाया कहर!

उसी में हुए ब्लास्ट से दुकान में भयंकर आग लग गई। कपड़े की दुकान होने की वजह से आग चारों तरफ फैल गई, जिसमें जलकर दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही आग लगने के बाद दम घुटने के कारण 5 लोगों की मौत हो गई। इस तरह एक ही परिवार के 7 लोगों की जान चली गई। मृतकों में आसिम वसीम शेख, परी वसीम शेख, 30 वर्षीय वसीम शेख, 23 साल की महिला तन्वीर वसीम, 50 साल की हमीदा बेगम, 35 साल की शेख सोहेल और 22 साल की रेशमा शेख के नाम सामने आए हैं। इस घटना की अधिक जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर के छावनी क्षेत्र के एक कपड़े की दुकान में आग लगी है। इस आग की घटना में मरने वालों में तीन महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। कपड़े की दुकान में आग बुधवार तड़के चार बजे लगने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

### पुणे के सरकारी अस्पताल में घोर लापरवाही

परिजनों ने दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं होने तक शव लेने से भी इनकार कर दिया है। परिजनों ने ससून अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि अस्पताल ने इस दावे को खारिज कर दिया है। सागर की मौत के बाद परिजन गुस्से में हैं। लेकिन डॉक्टर ने इस आरोप से इनकार किया है और कहा है कि युवक की मौत चूहे के काटने से नहीं हुई है। हालांकि डॉक्टर ने माना कि मरीज के शरीर को चूहे ने काटा है। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक सागर रेनूसे को कुछ दिन पहले ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका इलाज आईसीयू में चल रहा था। लेकिन मंगलवार को उसकी मौत हो गई। सागर का 15 मार्च को बाइक चलाते वक्त एक्सीडेंट हो गया था। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उसे इलाज के लिए ससून अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

### संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट से जमानत

उनकी पत्नी ने दो लाख के निजी मुचलके पर कोर्ट में जमानत का बेल बॉन्ड भरा है। कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा है। निचली अदालत ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत की शर्तें तय की। पहली शर्त यह है कि संजय जांच अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही जांच में भी सहयोग करेंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शराब मामले में अपनी भूमिका के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह पर अभी मामला चल रहा है ऐसे में वह दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जाएंगे।


## खबर संक्षेप

### मोइत्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज



**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद और टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाल ही में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए महुआ को नया समन जारी किया था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया था। सीबीआई पहले से ही जांच कर रही है।

### नवी मुंबई की केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग



**मुंबई।** नवी मुंबई के एमआईडीसी में एक इंडस्ट्रियल केमिकल कंपनी में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं और आग बुझाने का काम जारी है। किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पूरी इमारत में आग लग चुकी है। फायरब्रिगेड के अधिकारी आग बुझाने के काम में जुटे हैं। फिलहाल जनहानि की खबर नहीं है।

### 7 घंटे तक चली ताबड़तोड़ कार्रवाई, अब तक शवों की शिनाख्त नहीं

# गंगालूर के लेण्ड्रा जंगल में मुठभेड़ मारे गए 1 महिला समेत 10 नक्सली

ऑटोमेटिक एलएमजी, थ्री नॉट थ्री रायफल, बीजीएल सेल लांचर व अन्य हथियार बरामद

*छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। इस दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और नक्सल साहित्य बरामद किया गया है।*

मुंबई हलचल / बीजापुर

बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित लेण्ड्रा के जंगल में सुबह 6 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई। इसके बाद सुरक्षा बलों ने एक महिला समेत 10 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किए हैं।

मारे गए अधिकांश नक्सली पीएलजीए कंपनी नंबर दो के मेंबर बताए जा रहे है, हालांकि देर शाम तक मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि थाना गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान सुबह लगभग 6 बजे लेण्ड्रा के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो लगभग 7 घंटे तक जारी रही। सुबह मुठभेड़ के बाद 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर आ रही थी, जो शाम होते तक 10 हो गई। भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद के अलावा दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की गई है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।





### आपॅरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित

बताया जा रहा है कि लेण्ड्रा मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में पीएलजीए कंपनी नम्बर दो के शीर्ष लाखों के इनामी नक्सली सदस्य भी शामिल है। अब तक 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है और इनकी संख्या में इजाफा होने की संभावना है। मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं और उन्हें बीजापुर मुख्यालय लाने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि मारे गए सभी नक्सली माओवादी संगठन के पीएलजीए के सदस्य हैं, जिनकी गिनती बड़े कैडर के नक्सलियों में होती है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित है।

### सुकमा जिले में मारे गए माओवादी की हुई शिनाख्त

सोमवार को सुकमा व तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व 208 कोबरा की संयुक्त पार्टी ने तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती ग्राम पेसेलपाड़ एवं दोरामंगू के मध्य जंगल पहाड़ी में माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें एक पुरुष माओवादी के शव के अलावा बीजीएल रायफल पिट्ठु, स्केनर सेट, बीजीएल सेल, बीजीएल कॉट्रिज, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया था। मृतक माओवादी की शिनाख्त दिरदो हिड़मा लगभग 25 वर्ष निवासी पेसलपाड़ थाना किस्टाराम जिला सुकमा के रूप में की गई है, जो नक्सल संगठन में टेटेमड़गू आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर के रूप में सक्रिय था।

### 2024 में अब तक 43 नक्सली मारे गए, 181 अरेस्ट

आईजी सुंदरराजन ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में इस वर्ष अब तक 43 नक्सली को मुठभेड़ में ढेर किया जा चुका है। वहीं 181 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस बल तथा केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल द्वारा विगत दिनों में बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम किया जा रहा है। शासन की योजनाओं व अलग अलग जिलों में अलग अलग नाम से चलाए जा रहे अभियान से प्रभावित होकर 120 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### 22 जवानों की हुई थी शहादत

गौरतलब है कि इससे पूर्व 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर और सुकमा की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। कोबरा 210 बटालियन व जिला बल के जवान इस ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान टेकलगुड़ा गांव में नक्सलियों ने जवानों को एम्बुश में फंसाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के इस हमले में कोबरा 210 बटालियन व जिला पुलिस के 22 जवान शहीद हो गए थे। वर्ष 2021 से पहले कोबरा बटालियन को इतना बड़ा नुकसान पहले कभी बस्तर में नहीं हुआ था। जवानों की शहादत के बाद नक्सलियों का मनोबल बढ़ गया था।




### आम चुनाव में चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती

# विशेष पर्यवेक्षक करेंगे प्रशासन-सुरक्षा और खर्च की निगरानी

पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को कई राज्यों के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। ये पर्यवेक्षक प्रशासन, सुरक्षा और खर्चे की निगरानी के लिए मकसद से तैनात किए जाएंगे।

आयोग ने कहा कि शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले इन पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा गया है। ये पर्यवेक्षक खासकर पैसा, ताकत और फर्जी सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की निगरानी करेंगे। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में आबादी सात करोड़ से ज्यादा है। आयोग चुनावी राज्यों में सामान्य व्यय पर्यवेक्षकों के अलावा विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात कर रहा है। विशेष पर्यवेक्षक राज्य मुख्यालय में खुद को तैनात करेंगे और जरूरत पड़ने पर उन क्षेत्रों का दौरा करेंगे, जो अधिक संवेदनशील हैं और जहां जरूरी समन्वय की जरूरत है।



### समय-समय पर जानकारी भी लेंगे

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक जहां भी जरूरी हो, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा क्षेत्रों या जिलों में तैनात पर्यवेक्षकों से समय-समय पर जानकारी मांग सकते हैं। उन्हें इनपुट हासिल करने और निगरानी गतिविधियों में शामिल विभिन्न एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रमुखों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय करने करने के लिए भी कहा गया है।इनका सीमावर्ती क्षेत्रों पर फोकस होगा और प्रलोभनों के प्रवाह को रोकने की दिशा में काम करेंगे। जनता की शिकायतों के समाधान पर काम करेंगे।

### सामान्य विशेष पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए

*आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी मंजीत सिंह को बिहार में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक तैनात किया है। विवेक दुबे को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया है। महाराष्ट्र में धर्मेंद्र एस. गंगवार को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। एनके मिश्रा को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। आंध्र प्रदेश में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक राम मोहन मिश्रा को बनाया गया है और पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक पूर्व आईपीएस दीपक मिश्रा को बनाया गया है। ओडिशा में योगेंद्र त्रिपाठी को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और सेवानिवृत्त आईपीएस रजनीकांत मिश्रा को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।*

### आईआईएम संबलपुर का नया कदम

# अब नौकरीपेशा लोग कर सकेंगे व्यावसायिक पढ़ाई

नई स्किल को बढ़ावा मिलेगा और संगठनात्मक विकास होगा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नौकरीपेशा युवाओं के स्किल को बढ़ाने भारत के टॉप संस्थानों में शुमार आईआईएम संबलपुर ने अपने दिल्ली कैंपस में एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स (2024-2026) प्रोग्राम में एडमिशन के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल है। 2साल के इस प्रोग्राम को उद्यमशीलता के साथ नई स्किल को बढ़ावा देने और संगठनात्मक विकास को आगे बढ़ाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। कक्षाएं हर वीकेंड पर हाइब्रिड तरीके से आयोजित की जाएगी।

### लोगों के हिसाब से तैयार किया सिलेबस



इस प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले युवाओं को बिजनेस मैनेजमेंट के अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसमें वित्त, मार्केटिंग, रणनीति, मानव संसाधन प्रबंधन और संचालन के बारे में बताया जाता है। एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स के सिलेबस को भी कामकाजी पेशेवर यानी नौकरी करने वाले लोगों के हिसाब से तैयार किया गया है।

### इस तरह किया जाएगा चयन

इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के पास स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। इसके अलावा आवेदक के पास कम से कम 3 साल नौकरी करने का अनुभव होना जरूरी है। इस कोर्स के लिए आवेदन करने के बाद आपका इंटरव्यू लिया जाएगा और इसके आधार पर ही चयन किया जाएगा।

### उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचे

# मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी, 16 साल के उच्चतम स्तर पर पीएमआई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 16 साल के हाई पर पहुंच गया है। उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। एक निजी सर्वेक्षण से पता चला है कि मार्च में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके पीछे की वजह यह है कि कंपनियों ने मजबूत प्रोडक्शन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियां बढ़ा दीं। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 16 साल के उच्चतम 59.1 पर पहुंच गया। जबकि, यह फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है।

### निवेश में तेज वृद्धि

पिछले महीने में भारत का मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट लगातार 33वें महीने बढ़ा है। यह उपभोक्ता, मध्यवर्ती और निवेश सामान क्षेत्रों में वृद्धि तेज होने के कारण हुआ है। फर्म ने मंगलवार को एक कहा, 'अक्टूबर 2020 के बाद से आउटपुट और नए ऑर्डर में सबसे मजबूत वृद्धि के कारण था। यह सर्वेक्षण के इतिहास में इनपुट इन्वेंट्री में दूसरे सबसे तेज उछाल के समानांतर था।'

### खास बातें

- पीएमआई फरवरी में 56 .9 से बढ़कर मार्च में 59 .1 पर पहुंचा
- पीएमआई फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है
- कंपनियों ने नए ऑर्डर के कारण नियुक्तियां भी बढ़ा दी



### मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री लैम ने कहा, 'भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियों का विस्तार किया। हाई डिमांड और क्षमता में थोड़ी सख्ती के कारण, इनपुट लागत मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी।' इन्वेंट्री पर्चेज सर्वे के इतिहास में मई 2023 के बाद 'दूसरी सबसे बड़ी सीमा' तक पहुंच गई। जबकि, रोजगार सृजन की गति हल्की थी, इसके बावजूद यह सितंबर 2023 के बाद से सबसे अच्छी स्थिति है।

### कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी

*सर्वे से पता चला है कि भारतीय कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी थीं, लेकिन समग्र भावना चार महीने के निचले स्तर पर आ गई। क्योंकि महंगाई की चिंता उनके आत्मविश्वास पर भारी पड़ रही थी। लागत का दबाव पांच महीनों में सबसे अधिक हो गया। कंपनियों ने कपास, लोहा, मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक और स्टील के लिए अधिक कीमत चुकाई।*

### सरकार ने निर्धारित कर लक्ष्य संग्रह हासिल किया

*सरकार ने मजबूत आर्थिक गतिविधियों और बेहतर अनुपालन की मदद से वित्त वर्ष 2023-24 में 34.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर संग्रह के लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर राजस्व का कुल लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।'*

### संशोधित बजट में अनुमान बढ़ाया गया

*सरकार ने अप्रैल 2023- मार्च 2024 के लिए संशोधित बजट अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया था जबकि अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क) के लिए अनुमान को घटाकर 14.84 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस दौरान 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर मिलाकर) 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया था।*

8 साल पहले

## बीते पांच सालों में हुए सुधारों के मिल रहे अच्छे नतीजे

# भारत का रक्षा निर्यात 15 सौ करोड़ था अब 21 हजार करोड़ रु. का आंकड़ा पार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। आज से 8 साल पहले यह आंकड़ा 1521 करोड़ रुपए था अब वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही देश का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है।

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में यह 32.5 फीसदी बढ़ा है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई दी है।

सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 16 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ रुपए ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के बाद से 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है।

*भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं



### सरहद पर मुस्तैदी के साथ खड़ी सेना राजनाथ सिंह

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। बीते कुछ दिनों से चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। हद तो तब हो गई, जब चीन ने अरुणाचल के कुछ क्षेत्र को नए नाम दिए थे। हालांकि चीन ने इस हरकत पर विदेश मंत्री जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा था कि नाम बदलने से कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है। इस बीच, पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है।

### भारत इस समय 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा

भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। अब पिछले साल के मुकाबले रक्षा निर्यात ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32.5 फीसदी की छलांग लगाई है। इस वर्ष रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। पिछले पांच साल के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रिकॉर्ड रक्षा निर्यात को देश की एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

### आठ सालों में भारत का रक्षा निर्यात

(करोड़ रुपए में)

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 01,521 |
| 2017-18 | 04,682 |
| 2018-19 | 10,745 |
| 2019-20 | 09,115 |
| 2020-21 | 08,434 |
| 2021-22 | 12,814 |
| 2022-23 | 15,920 |
| 2023-24 | 21,083 |

## पहले बेची कार फिर डुप्लीकेट चाबी से की चोरी, पैसे मांगने पर किया हमला और दी जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार



**बहादराबाद।** धोखाधड़ी के अलग-अलग तरीकों से आमजन और पुलिसकर्मियों से लाखों रुपये हड़पने वाले एक नटवरलाल को बहादराबाद थाना पुलिस ने बढ़ेड़ी राजपूतान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने मंगलौर के एक युवक को साढ़े पांच लाख रुपये की कार बेची और बाद में डुप्लीकेट चाबी से कार चोरी कर ली। पीड़ित ने उससे अपने पैसे या कार लौटाने को कहा तो आरोपित ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपित शहजाद निवासी ग्राम बढेड़ी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, थिथौला मंगलौर निवासी सलीम ने आरोपित शहजाद निवासी ग्राम बढेड़ी राजपूताना से 21 नवंबर 2023 को महिन्द्रा थार कार साढ़े पांच लाख रुपये में खरीदी थी। आरोप है कि पांच फरवरी को डुप्लीकेट चाबी लगाकर वह सलीम के घर से कार चोरी कर ले गया। सलीम ने तलाश करने के बाद शहजाद को फोन किया तो उसने कुबूल किया कि गाड़ी उसके पास है और वह पैसे लौटा देगा। कई महीने चक्कर काटने के बाद भी ना तो आरोपित ने कार लौटाई और ना ही रकम वापस की। 27 फरवरी की शाम सलीम, मुस्तफा प्रधान व रिजवान निवासीगण ग्राम गढ़ी संघीपुर, आदिल व आकिल आदि को लेकर शहजाद से बात करने के लिए ग्राम बढ़ेडी राजपूताना पहुंचे। आरोप है कि शहजाद हाथ में तबल, उसके भाई शोराब, फैजान व सावेज अपने हाथों में लाठी-सरिया लेकर बैठक में आए और गालीगलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से सलीम के सिर पर तबल से वार कर दिया। इससे सलीम लहुलुहान हो गया। कार में तोड़फोड़ करते हुए धमकी दी कि दोबारा कार या रुपये मांगने आए तो लाश ही वापस जाएगी। सलीम की हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले में सलीम के भाई परवेज ने मुकदमा दर्ज कराया था।

## इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दे दिया था


# कच्चाथीवू पर भारत से बात नहीं हुई, लौटाने को कहेंगे तो जवाब देंगे: श्रीलंका के मंत्री जीवन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

श्रीलंका के मंत्री ने कहा है कि भारत ने अब तक कच्चाथीवू द्वीप को लेकर उनकी सरकार से कोई बात नहीं की है। एक इंटरव्यू में श्रीलंका के मंत्री जीवन थोंडामन ने कहा कि भारत ने कच्चाथीवू पर अधिकार लौटाने को लेकर उनसे कोई मांग नहीं की है। अगर भारत की तरफ से ऐसी कोई बात आई तो हम जरूर जवाब देंगे। दरअसल, तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा था कि केंद्र सरकार कच्चाथीवू को वापस हासिल करने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। वहीं, जानकारी के मुताबिक श्रीलंका की कैबिनेट में कच्चाथीवू को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। श्रीलंका के मंत्री का ये बयान उस वक्त आया है, जब सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-श्रीलंका के बीच स्थित कच्चाथीवू द्वीप पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये द्वीप श्रीलंका को दे दिया था।



- कच्चाथीवू 285 एकड़ में फैला एक द्वीप है
- मछुआरों के मसले पर राजनीति कर रहे हैं दोनों दल



### कांग्रेस और डीएमके अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं

डॉ. एस. जयशंकर ने कहा था, कच्चाथीवू और मछुआरों के मसले पर अब कांग्रेस और डीएमके इस तरह का व्यवहार कर रही हैं कि उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और आज की केंद्र सरकार इस मसले को हल करे। जैसे इसका कोई इतिहास नहीं है, जैसे ये अभी हुआ है। कांग्रेस-डीएमके वे लोग हैं।

### 1974 के समझौते की तीन शर्तें थीं

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा था कि 1974 में इंडिया और श्रीलंका ने एक समझौता किया, जिसके जरिए दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा का निर्धारण हुआ। इस सीमा को तय करते वक्त कच्चाथीवू को श्रीलंका को दे दिया गया। इस समझौते की 3 और शर्तें थीं।

1. दोनों देशों का अपनी जल सीमा पर पूरा अधिकार और संप्रभुता होगी।
2. कच्चाथीवू का इस्तेमाल भारतीय मछुआरे भी कर सकेंगे और इसके लिए किसी ट्रैवल डॉक्यूमेंट की आवश्यकता नहीं होगी।
3. भारत और श्रीलंका की नौकाएं एक-दूसरे की सीमा में आ सकेंगी जैसा वह परंपरागत रूप से करती आ रही हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# खून के अशुद्ध और गाढ़ा होने की समस्या को इन नुस्खो से करें दूर

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास अपने लिए समय ही नहीं है। जिससे गलत डाइट और एक्सरसाइज न करने का सीधा असर सेहत पर दिखाई देता है। समय पर खाना न खाना या व्यायाम न करने पर बीमार पड़ता तो जाहिर सी बात है लेकिन गलत-खान पान के कारण आप रक्त विकारों का शिकार भी हो सकते है। खून शरीर के अंगो में ऑक्सीजन सप्लाई करके आपको स्वस्थ रखता है। ऐसे में खून में गड़बड़ी रक्त के थक्के जमना या खून के गाढ़ा होने से आप कोलेस्ट्रॉल और दिल के रोग जैसी बीमारियों की चपेट में भी आ सकते है। कुछ लोग तो इस समस्या को दूर करने के लिए दवाइयों तक का सेवन करते है लेकिन कुछ कारगार घरेलू तरीके से भी इन रक्त विकारों को दूर किया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आप रक्त विकारों को बिना किसी नुकसान के दूर कर सकते है।



**रक्त विकार के कारण**
आयरन की कमी
अनुवांशिक
कमजोर लीवर
हार्मोन बदलाव
गलत आहार
डायबिटीज
तनाव
पानी की कमी

**रक्त विकार के लक्षण**
लगातार बीमार रहना
भूख ना लगना
वजन कम होना
त्वचा रोग
दृष्टि कमजोर हो जाना
बाल झाड़ना
प्रतिरोधक क्षमता कम होना

रक्त विकार के घरेलू उपचार

**1. आंवला**
विटामिन सी के गुणों से भरपूर आंवला का सेवन शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है और नए रक्त बनाता है।

**2. नींबू**
दिन में 3 बार गर्म पानी में नींबू मिलाकर सेवन करें। इससे आपके सभी प्रकार के रक्त विकार दूर हो जाएंगे।

**3. मुनक्का**
25 ग्राम मुनक्के को रातभर भिगो दें। सुबह इसे पीसकर 1 कप पानी में मिलाकर रोजाना पीएं। इससे आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

**4. एलोवेरा**
25 ग्राम एलोवेरा का ताजा रस में 12 ग्राम शहद और आधे नींबू का रस मिलाकर सुबह शाम पीने से रक्त विकार दूर होते है।

**5. करेला**
दिन में 2 बार ताजे केरेले का जूस का सेवन भी सभी प्रकार के रक्त विकारों को दूर करता है।

**6. प्याज**
1/4 कप प्याज के रस में नींबू शहद मिलाकर लगातार 10 दिन तक सेवन करें। यह रक्त विकारों को दूर करके खून साफ करने में मदद करता है।

**7. नीम**
नीम के पत्ते, निम्बोली छाल और जड़ को उबाल कर दिन में 1 बार पीएं। इससे रक्त विकार के साथ आपकी कई समस्याएं दूर हो जाएगी।

# डैंड्रफ हो जाएगा जड़ से खत्म, अपनाएं यह घरेलू नुस्खा

*खूबसूरत, घने और लंबे बाल तो हर लड़की पाना चाहती है। मगर आजकल बालों में होने वाली परेशानियों के कारण बाल झड़ने और डैंड्रफ जैसी समस्याए हो जाती है। लड़के और लड़कियां दोनों डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए मंहगे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते है लेकिन किसी से भी यह समस्या दूर नहीं होती। ऐसे में आज हम आपको डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए एक ऐसा उपाय बताने जा रहें है, जिससे बिना किसी नुकसान के यह समस्या दूर हो जाएगी। तो आइए जानते है डैंड्रफ को जड़ से खत्म करने का आसान घरेलू तरीका।*

**इसलिए होती है डैंड्रफ की परेशानी**



स्कैल्प में डैड सेल्स जमा होने के बाद वो ड्राय हो जाती है, जिससे सिर में फंग्स और इंफेक्शन हो जाती है। इसके कारण आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में जिंक, ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन्स वाली चीजें शामिल करनी चाहिए।

**डैंड्रफ को दूर करने का घरेलू तरीका**
एक कटोरी में नींबू का रस निकाले लें। इसके बाद इसमें गर्म पानी और सी सॉल्ट मिक्स करें। इस मिक्सर को स्कैलप पर लगाकर मसाज करें और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसे बाद बालों को शैम्पू सेधोकर कंडीशनर कर लें। हफ्ते भर इसका इस्तेमाल करने से आपके डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी। इसके अलावा आपको यह समस्या दोबारा नहीं होगी।

# एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स लेने से पहले जरूर जानें यह बातें



लड़कियों की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती जाती है उन्हें वैसे ही अपनी ब्यूटी की चिंता भी परेशान करने लगती है। उम्र के हिसाब से चेहरे पर पड़ने वाली झुर्रियो को छुपाने के लिए वह कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती है और इन्हें खरीदने के लिए विज्ञापनों में किए झूठे वादों पर विश्वास कर लेती है। जिसके बाद में उन्हें फायदा होने की बजाए नुकसान झेलना पड़ता है, इसलिए एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले उसके इंग्रेडियंट को ध्यान से जरूर पढ़ लेना चाहिए ताकि कौन-सा इंग्रेडियंट आपके लिए फायदेमंद है और कौन-सा नहीं। जिसे इस्तेमाल करके आपके चेहरे पर किसी तरह का साइड-फैक्ट न हो।

1. मॉश्चराइजिंग ऑयल
अगर आप एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स खरीदने जा रहे हैं तो सबसे पहले यह देख लें कि उसमें मॉश्चराइजिंग ऑयल है भी कि नहीं। अगर नहीं तो यह फेस पर ग्लो लाने के लिए बिल्कुल भी कारगर नहीं है। चेहरे को मॉश्चराइजिंग करने के लिए जोजोबा ऑयल, कोकोनट ऑयल, अलमंड ऑयल आदि प्रमुख स्त्रोत माने जाते हैं। जिसे इस्तेमाल करके उम्र से ज्यादा जवान दिखा जा सकता है।

2. पैराफिन्स से रहें दूर
एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स खरीदने से पहले यह बात जरूर जान लें कि इसमें पैराफिन्स का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। पैराफिन्स युक्त क्रीम लगाने पर चेहरे पर उसी समय चमक तो जरूर आ जाती लेकिन बाद में इसका नुकसान भी होता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं। जिसके कारण स्किन पर उम्र का असर और ज्यादा दिखने लगता है।

3. रेटिनॉयड्स का रखें ख्याल
इस बात पर ध्यान जरूर दें कि आप जो एंटीएजिंग क्रीम इस्तेमाल कर रही है, वह रेटिनॉयड्स युक्त है भी कि नहीं। इसे विटामिन ए का एक रूप माना जाता है। यह कई तरह की स्किन प्रॉब्लम को ठीक रखता है। इसके इस्तेमाल से फेस पर कील, मुंहासे की समस्या नहीं होती साथ ही में इसे लगाने से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है। जिसके कारण स्किन चमकदार, कसी हुई और खूबसूरत दिखती है।

4. किरेटिन
किरेटिन युक्त क्रीम लगाने से चेहरे की डेड स्किन सेल्स हट कर नई और स्वस्थ त्वचा का निर्माण होता है। जिससे आप जवान दिखने लगते है।

5. अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड
अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां और झाइयां हो रही है तो आप अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड युक्त क्रीम इस पर अप्लाई करें। यह चेहरे की डेड स्किन को हटाकर नई स्किन में बदल कर चेहरे पर चमक लाने में काफी मददगार है।


6. कॉपर पेप्टाइड्स
जब आपकी स्किन ढीली पड़ने लगे तो ऐसे एंटी-एजिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जिसमें कॉपर पेप्टाइड्स हो। यह ढीली त्वचा को टाइट करने में काफी मददगार है। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा की झुर्रियां से छुटकारा पाया जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रणदीप हुड्डा ने फिर किया आलिया भट्ट को सपोर्ट



**बॉलीवुड** एक्टर रणदीप हुड्डा इस समय अपनी फिल्म वीर सावरकर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ये फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म को लेकर रणदीप ने अब तक कई इंटरव्यू दिए हैं। इस बीच एक इंटरव्यू में एक्टर ने कंगना रनौत और आलिया भट्ट के बीच कैट फाइट पर बात की है। रणदीप हुड्डा ने आलिया भट्ट के साथ फिल्म हाइवे में काम किया था। वहीं कंगना रनौत ने आलिया भट्ट को फिल्म गली बॉय के बाद आम एक्टर का टैग दिया था। इतना ही नहीं कंगना आलिया को काफी कुछ बोल डाला था। उस वक्त रणदीप ने आलिया भट्ट का ही सपोर्ट किया था। एक्टर ने ट्वीट कर कर लिखा था- डियर आलिया , आशा है कि आप दूसरे एक्टर्स के ओपीनियन को खुज पर हावी नहीं होने देंगी। आपके अच्छे काम के लिए आपको बहुत बधाई। वहीं अब एक बार फिर एक्टर ने आलिया के सपोर्ट में बात की है। हाल ही में रणदीप हुड्डा ने सिद्धार्थ कनन को एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में एक्टर ने बताया कि- हाइवे के दौरान आलिया और मेरे बीच एक स्प्रिचुअल बॉन्ड बन गया था। ये मेरी तरफ से है मुझे नहीं पता उनकी तरफ से कैसा था। मैंने उन्हें हमेशा नई चीजें करते हुए देखा है। मैं उस वक्त उनके लिए असल में खड़ा था क्योंकि उन्हें बेवजह टारगेट किया गया था।



# अली अब्बास जफर ने गिनवाई सलमान खान की खूबियां

अली अब्बास जफर ने कहा, 'सलमान खान मेरे लिए एक भाई की तरह हैं। सलमान और कैटरीना दोनों ही बहुत करीब हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि आज मैंने बतौर निमार्ता जो कुछ भी कमाया है, मेरे करियर की सफलता में उन दोनों का बहुत बड़ा योगदान है। मैं सलमान को बहुत मानता हूं। मुझे लगता है कि वो बहुत उम्दा कलाकार हैं। उनकी शख्सियत ही इतनी बड़ी है कि लोग उनके बारे में एक कलाकार के रूप में बात नहीं करते। सलमान खूबसूरत हैं और उनका मास कनेक्शन जबर्दस्त है'। अली ने आगे कहा, 'जब उन्होंने 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर देखने के बाद ट्वीट किया तो मुझे बहुत खुशी हुई और आश्चर्य हुआ, क्योंकि उन्होंने ट्रेलर देखा और फिर मुझे फोन किया। उन्होंने कहा, 'आपका ट्रेलर अच्छा है। मुझे क्या करना चाहिए'? इसके बाद मैंने उनसे कहा, 'आप जो चाहते हो करो'। तो उन्होंने कहा, 'मुझे ट्वीट करना चाहिए?' मैंने कहा, 'प्लीज ट्वीट करिए'। फिर सलमान ने ट्वीट कर जो लिखा, वह बहुत प्यारा था। हकीकत में यह उनकी उदारता है'।

# तापसी ने किया शादी का खुलासा



**बॉलीवुड** की खूबसूरत अदाकारा तापसी पन्नू पिछले कई दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस इसी महीने शादी कर रही हैं। वह किससे शादी करेंगी, इसकी जानकारी तो सामने आ गई है, लेकिन वह कब शादी करेंगी, इस सवाल पर अब एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है। वहीं, शादी के सवाल पर तापसी ने कहा, जब मैं इसका इरादा कर लूंगी तो अपनी रफ्तार धीमी कर लूंगी। फिर मैं साल में 5-6 फिल्में करने के बजाय 2 या 3 ही करूंगी। ऐसा करने पर ही अपनी निजी जिंदगी के लिए वक्त निकाल पाऊंगी। तापसी पन्नू और मैथियास बो पिछले 10 साल से रिलेशन में हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मैथियास के साथ रिलेशन में आने के एक साल के अंदर वह उनसे शादी करने के लिए श्योर थीं। मैं अपने रिलेशन को लेकर हॉनेस्ट हूं। जब कभी हम शादी के बंधन में बंधेंगे, इस बारे में सबको पता होगा। तापसी ने ये भी बताया कि अपने प्रिंस तक पहुंचने से पहले उन्हें कई मेंढकों को किस करना पड़ा। एक्ट्रेस ने कहा, "प्रिंस तक पहुंचने से पहले मुझे कई मेंढकों को चूमना पड़ा। लेकिन आखिरकार जब मैं बड़ी हुई और जब मैंने काम शुरू किया, तो यह वही आदमी था क्योंकि वह लड़का नहीं आदमी थी। इन दोनों बातों में बहुत बड़ा अंतर है।"